सं0-50/2016/395/12-3-2016-100(10)/2014

प्रेषक,

इन्द्रदेव पटेल**,**
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कृषि निदेशक**,**
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कृषि अनुभाग**-3** लखनऊ**::** दिनांक**: 30** मार्च**, 2016**

विषयः- वित्तीय वर्ष 2015-16 में सोलर फोटोवोलटैईक इरीगेशन पम्प की स्थापना पर अनुदान की योजना (राज्य सेक्टर) के अन्तर्गत अवमुक्त धनराशि रू0-126.00 करोड़ को यू. पी. स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन लि0 के पी.एल.ए. में रखे जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-एस.एफ./1303टी/सोलर पम्प/2015-16, दिनांक 12.3.2016 एवं शासनादेश संख्या-301/12-3-2016-100(10)/2014, दिनांक 10.3.2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सोलर फोटोवोलटैईक इरीगेशन पम्प की स्थापना पर अनुदान की योजना (राज्य सेक्टर) के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-301/12-3-2016- 100(10)/2014, दिनांक 10.3.2016 द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 हेतु अवमुक्त धनराशि रू0-1260000 हजार (रू0 एक अरब छब्बीस करोड़ मात्र) को कोषागार से आहरित कर यू. पी. स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन लि0 के पी.एल.ए. में दिनांक 30.09.2016 तक रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- यू. पी. स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन लि0 के पी. एल. ए. में रखने के लिए उक्त धनराशि का आहरण मूल स्वीकृतियों के आदेश के सापेक्ष ही किया जायेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि यह जारी की गयी स्वीकृतियों के अन्तर्गत ही रहे।

4- कृषि निदेशक द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 के लक्ष्यों के साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 2016-17 के लक्ष्यों को भी पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। यू. पी. स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन लि0 के पी.एल.ए. में रखी जा रही उक्त धनराशि का आहरण वित्त विभाग की सहमति के उपरान्त आवश्यकतानुसार किया जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-1-163/दस-2016, दिनांक 30 मार्च, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(इन्द्रदेव पटेल **)**
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

<u>सं0-395(1)/12-3-2016-तद्दिनांक ।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय ,उ0प्र0 इलाहाबाद ।
2. महालेखाकार,(लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3. प्रबन्ध निदेशक, यू. पी. स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
4- अपर कृषि निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र) कृषि भवन, लखनऊ।
5. कोषाधिकारी, जवाहर भवन/कलेक्ट्रेट, लखनऊ।
6. वित्त नियंत्रक, कृषि निदेशालय, कृषि भवन,लखनऊ ।
7. वित्त (व्यय नियंत्रण), अनुभाग-1/कृषि अनुभाग-5
8. गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(विनय शंकर पाण्डेय **)**
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in